रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
सीईएन ०२/२०२६ - तकनीशियन ग्रेड। सिगनल और तकनीशियन ग्रेड III
CEN 02/2026 - Technician Grade I Signal and Technician Grade III

सत्यमेव जयते

Test Date	07/10/2026
Test Time	12:45 PM - 2:15 PM
Subject	RRB Technician Grade III

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **Mathematics**

Q.1 किसी आंकड़ा समुच्चय का माध्य 15 है और बहुलक 20 है। प्रत्येक मान को 3 से गुणा करके और फिर उसमें 5 जोड़कर परिवर्तित किया जाता है। माध्य, माध्यिका और बहुलक के बीच आनुभविक सम्बन्ध मानते हुए, नए आंकड़ा समुच्चय की माध्यिका क्या होगी?

Ans A). 50 | B). 60 | C). 55 | D). 45 — **Correct Answer: C**

Q.2 एक कार निम्नलिखित स्थितियों के अनुसार शहर A से शहर B तक कुल 360 km की दूरी तय करती है: पहले 100 km की दूरी 50 km/h की चाल से तय की जाती है, अगले 80 km की दूरी 40 km/h की चाल से तय की जाती है, फिर कार 30 मिनट के लिए रुकती है। इसके पश्चात, यह 90 km की दूरी 60 km/h की चाल से तय करती है और शेष दूरी 75 km/h की चाल से तय करती है। रुकने के समय सहित संपूर्ण यात्रा के लिए कार की औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 50 km/h | B). 58 km/h | C). 56 km/h | D). 53 km/h — **Correct Answer: A**

Q.3 7 अंकों की संख्या 6A9317B, 3 से विभाज्य है। (A + B) का न्यूनतम संभव मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 4 | B). 3 | C). 1 | D). 0 — **Correct Answer: C**

Q.4 यदि ₹52,400 को 8% वार्षिक ब्याज दर पर 2 वर्षों के लिए जमा किया जाता है, तो चक्रवृद्धि ब्याज (जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है) और साधारण ब्याज के बीच का अंतर कितना होगा?

Ans A). ₹335.36 | B). ₹330.86 | C). ₹329.25 | D). ₹344.55 — **Correct Answer: A**

Q.5 अब से पांच वर्ष पूर्व, आकाश की आयु प्रकाश की आयु की 5 गुना थी। अब से 5 वर्ष पश्चात उसकी आयु, उस समय प्रकाश की आयु की 3 गुना होगी। आकाश की वर्तमान आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 60 | B). 51 | C). 56 | D). 55 — **Correct Answer: D**

Q.6 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{\sin\theta - \cos\theta + 1}{\sin\theta + \cos\theta - 1}$$

Ans A). cosec θ + sec θ | B). cot θ + cosec θ | C). tan θ + cosec θ | D). tan θ + sec θ — **Correct Answer: D**

Q.7 x का निम्नलिखित में से कौन-सा मान समीकरण $\frac{(128 \div 16) \times x - (7 \times 2)}{7^2 - (8 \times 6) + x^2} = 1$ को संतुष्ट करता है?

Ans A). 3 | B). 2 | C). 0 | D). 1 — **Correct Answer: A**

Q.8 12 संख्याओं का माध्य 18 है। यदि उनमें से एक संख्या 30 को 6 से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है, तो नया माध्य ज्ञात कीजिए।

Ans A). 19 B). 17 C). 16 D). 18

Correct Answer: C

Q.9 एक व्यापारी किसी वस्तु पर उसके क्रय मूल्य से 40% अधिक मूल्य अंकित करता है और अंकित मूल्य पर 10% की छूट प्रदान करता है। उसका प्रतिशत लाभ या प्रतिशत हानि ज्ञात कीजिए।

Ans A). 26% का लाभ B). 13% की हानि C). 26% की हानि D). 13% का लाभ

Correct Answer: A

Q.10 मार्च महीने में शनिवार और रविवार को छोड़कर, एक डीलर द्वारा प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री 184 है। रविवार को प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री 200 है। यदि पहला शनिवार 3 मार्च को है और पूरे महीने के लिए प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री 193 है, तो शनिवार को प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री कितनी होगी?

Ans A). 222 B). 223 C). 224 D). 227

Correct Answer: D

Q.11 एक स्मार्ट जल टंकी प्रणाली में दो स्वचालित पाइप हैं। पाइप U1 टंकी को 5 घंटे में भर सकती है और पाइप V1 टंकी को 10 घंटे में खाली कर सकती है। पाइप U1 को अकेले 2 घंटे तक प्रचालित किया जाता है, उसके बाद V1 को भी सक्रिय कर दिया जाता है। कुल 5 घंटे के बाद टंकी का कितना भाग भर जाएगा?

Ans A). $\frac{1}{2}$ B). $\frac{7}{10}$ C). $\frac{2}{5}$ D). $\frac{3}{5}$

Correct Answer: B

Q.12 एक कॉलेज में, विज्ञान और वाणिज्य संकायों में विद्यार्थियों का अनुपात क्रमशः 9 : 7 था। यदि विज्ञान संकाय में 9 और विद्यार्थी आ जाते हैं तथा वाणिज्य संकाय से 6 विद्यार्थी चले जाते हैं, तो विज्ञान और वाणिज्य संकायों में विद्यार्थियों का अनुपात क्रमशः 12 : 5 हो जाता है। प्रारंभ में दोनों संकायों में कुल कितने विद्यार्थी थे?

Ans A). 112 B). 80 C). 144 D). 48

Correct Answer: D

Q.13 दो व्यक्ति X तथा Y समान मूलधन ₹P को समान ब्याज दर पर क्रमशः दो वर्ष के लिए वार्षिक रूप से संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज, तथा एक वर्ष के लिए अर्धवार्षिक रूप से संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज पर जमा करते हैं। यदि उनके ब्याजों का अंतर ₹0.1075P है, तो ब्याज दर ज्ञात कीजिए।

Ans A). 10% B). 8% C). 12.5% D). 12%

Correct Answer: A

Q.14 5 और 20 का माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans A). 10 B). 20 C). 5 D). 15

Correct Answer: A

Q.15 एक शंकु का आयतन 1540 cm^3 है और इसकी त्रिज्या 7 cm है। शंकु की ऊंचाई ज्ञात कीजिए।

Ans A). 30 cm B). 38 cm C). 40 cm D). 34 cm

Correct Answer: A

Q.16 समरूप त्रिभुज ΔABC और ΔPQR की भुजाएं $6 : 5$ के अनुपात में हैं। यदि ΔABC का क्षेत्रफल $72\ cm^2$ है, तो ΔPQR का क्षेत्रफल कितना होगा?

Ans A). 65 cm^2 B). 60 cm^2 C). 45 cm^2 D). 50 cm^2

Correct Answer: D

Q.17 समान दक्षता वाले दो व्यक्ति एक साथ काम करते हुए किसी कार्य को 6 घंटे में पूरा कर सकते हैं। उसी कार्य को पूरा करने में एक व्यक्ति को अकेले कितना समय लगेगा?

Ans A). 3 घंटे B). 6 घंटे C). 9 घंटे D). 12 घंटे

Correct Answer: D

Q.18 दो समरूप त्रिभुजों के क्षेत्रफलों का अनुपात 81 : 121 है। उनकी संगत ऊँचाइयों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans A). 18 : 23 B). 81 : 121 C). 9 : 11 D). 3 : 2

Correct Answer: C

Q.19 रागिनी को अपने विज्ञान प्रोजेक्ट के लिए एक बेलनाकार बहुमूर्तिदर्शी मॉडल बनाना था। वह बहुमूर्तिदर्शी का वक्र पृष्ठ बनाने के लिए चार्ट पेपर का उपयोग करना चाहती थी। यदि वह 55 cm लंबाई और 14 cm त्रिज्या वाला बहुमूर्तिदर्शी बनाना चाहती है, तो उसे कितने क्षेत्रफल वाले चार्ट पेपर की आवश्यकता होगी? ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करें)

Ans A). 4856 cm^2 B). 4884 cm^2 C). 4840 cm^2 D). 4887 cm^2

Correct Answer: C

Q.20 एक व्यक्ति, ₹57500 की धनराशि को 8% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 2 वर्ष के लिए निवेश करता है। 2 वर्ष पश्चात उसे प्राप्त होने वाला मिश्रधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 10200 B). 9200 C). 66700 D). 67700

Correct Answer: C

Q.21 यदि $\frac{3}{(4x+3)} + \frac{8}{(9y+8)} + \frac{2305}{(11z+2305)} = 7$ है, तो $\frac{4x}{(4x+3)} + \frac{9y}{(9y+8)} + \frac{11z}{(11z+2305)}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 4 B). −4 C). 3 D). −3

Correct Answer: B

Q.22 एक दुकान "4 खरीदें, b मुफ्त पाएँ" की योजना चलाती है और 20% की व्यापारिक छूट भी प्रदान करती है। यदि ग्राहक को प्राप्त होने वाली कुल प्रभावी छूट 46 2/3% है, तो b का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 2 B). 1 C). 4 D). 3

Correct Answer: A

Q.23 नितिन प्रति वस्तु ₹6,314 की दर से दो वस्तुएं बेचता है और पूरे सौदे में न तो लाभ होता है और न ही हानि होती है। यदि एक वस्तु 75% के लाभ पर बेची गई, तो दूसरी वस्तु कितने प्रतिशत हानि पर बेची गई?

Ans A). 29% B). 27% C). 32% D). 30%

Correct Answer: D

Q.24 यदि k का 20%, 25 के 2400% से 10 कम है, तो k का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 2950 B). 2990 C). 2910 D). 2930

Correct Answer: A

Q.25 दो रेलगाड़ियां समान दिशा में क्रमशः 100 km/hr और 60 km/hr की चाल से चल रही हैं। तेज चलने वाली रेलगाड़ी, धीमी चलने वाली रेलगाड़ी में बैठे एक व्यक्ति को 9 सेकंड में पार करती है। तेज चलने वाली रेलगाड़ी की लंबाई कितनी है?

Ans A). 100 m B). 50 m C). 80 m D). 120 m

Correct Answer: A

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.26 सुनीता, मोहन की पत्नी है। मोहन, राजेश का पुत्र है। राजेश, करण का पिता है। करण, नेहा का भाई है। सुनीता का नेहा से क्या संबंध है?

Ans A). पत्नी B). पुत्री C). भाई की पुत्री D). भाई की पत्नी

Correct Answer: D

Q.27 एक निश्चित कूट भाषा में, 'JARS' को '4763' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'ARMS' को '3657' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'M' के लिए कूट क्या है?

Ans A). 4 B). 3 C). 7 D). 5

Correct Answer: D

Q.28 दी गई शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

2 10 43 176 709 ?

Ans A). 4112 B). 2842 C). 2990 D). 4202

Correct Answer: B

Q.29 इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों का अनुसरण करके अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है। यदि कोई भी शर्त पूरी नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/प्रतीक # @ 2 ? 4 ! 9 8 & 7

कूट OR UXZCEHKN

शर्तें –

(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयवों) के कूट परस्पर प्रतिस्थापित कर दिए जाने चाहिए।

(ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों अवयव पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

संख्या-प्रतीकों के निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या है?

7 @ ? 9 2

Ans A). N R X E © B). N R E X U C). © R E X U D). © R X E ©

Correct Answer: D

Q.30 किसी निश्चित तर्क के अनुसार, 26 का संबंध 130 से है। उसी तर्क के अनुसार, 32 का संबंध 160 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 62 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 320 B). 330 C). 310 D). 340

Correct Answer: C

Q.31 A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। E किसी सम क्रमांक वाले तल पर रहता है, लेकिन तल क्रमांक 4 पर नहीं रहता है। जिन तलों पर E और F रहते हैं, उनका योगफल 9 है। A और D के बीच केवल 3 लोग रहते हैं। जिन तलों पर C और D रहते हैं, उनका योगफल 3 है। D और E के बीच कितने लोग रहते हैं?

Ans A). 2 B). 3 C). 4 D). 1

Correct Answer: C

Q.32 यदि '+' और '-' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए तथा 'x' और '÷' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
18 ÷ 72 × 9 + 72 – 16 = ?

Ans A). 83 B). 80 C). 81 D). 88

Correct Answer: D

Q.33 शब्द SHIFTER के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है और इसके प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षर-समूह में कितने अक्षर, दो बार आएंगे?

Ans A). 2 B). 0 C). 3 D). 1

Correct Answer: B

Q.34 सात डिब्बे M, N, O, P, Q, R और S एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों।
M के ऊपर केवल R रखा गया है। M और P के बीच केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। केवल N को S के नीचे रखा गया है। O को P के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है।
Q और N के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?

Ans A). तीन B). चार C). दो D). एक

Correct Answer: A

Q.35 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) F & I Y @ J Y C * A # & K S P $ B M (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद एक स्वर भी है?

Ans A). तीन B). एक भी नहीं C). दो D). एक

Correct Answer: C

Q.36 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). NP-SA B). IL – OW C). AC-FN D). SU-XF

Correct Answer: B

Q.37 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). NL−MK B). MK−LJ C). JH−HI D). HF−GE

Correct Answer: C

Q.38 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से AEGJ का संबंध FJLO से है। उसी तरीके से MQSV का संबंध RVXA से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, OSUX का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans A). TWYC B). TYYF C). TXZC D). TXYC

Correct Answer: C

Q.39 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से, XTPS का संबंध OKGJ से है। उसी तरह, EAWZ का संबंध VRNQ से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, YUQT निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). PLHK B). PLGK C). PMGJ D). PKGK

Correct Answer: A

Q.40 एक निश्चित कूट भाषा में, 'day bush week' को 'xb yz pp' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'angle poem day' को 'yz lg el' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'day' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाता है?

Ans A). yz B). xb C). pp D). lg

Correct Answer: A

Q.41 एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न:
5 खंभों W, O, K, G और Y में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, किस खंभे की लंबाई सबसे कम है?

कथन:
I. Y की लंबाई, K की लंबाई से अधिक है।
II. G की लंबाई, Y की लंबाई से अधिक है। W की लंबाई केवल एक खंभे की लंबाई से कम है।

Ans A). प्रश्न का उत्तर देने के लिए, अकेले कथन II में दी जानकारी पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी जानकारी पर्याप्त नहीं है।
B). प्रश्न का उत्तर देने के लिए, अकेले कथन I में दी जानकारी पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी जानकारी पर्याप्त नहीं है।
C). प्रश्न का उत्तर देने के लिए, कथन I और II दोनों एक साथ (और अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) पर्याप्त हैं।
D). प्रश्न का उत्तर देने के लिए, कथन I और II दोनों एक साथ पर्याप्त नहीं हैं।

Correct Answer: D

Q.42 अंग्रेज़ी वर्णमाला के क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

BUN VOH PIB JCV ?

Ans A). DEW B). DWE C). DPW D). DWP

Correct Answer: D

Q.43 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

90 106 74 122 ? 138

Ans A). 56 B). 58 C). 57 D). 60

Correct Answer: B

Q.44 यदि संख्या 7421836 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे अंक और दाएं से दूसरे अंक के बीच का अंतर कितना होगा?

Ans A). 2 B). 0 C). 3 D). 1

Correct Answer: A

Q.45 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सबसे उपयुक्त उत्तर चुनिए।

प्रश्न:
पांच व्यक्ति – अबीर, चरित, ध्रुव, एशिका और फारिस – उत्तर की ओर अभिमुख होकर सीधी पंक्ति में बैठे हैं। बाएं छोर पर कौन बैठा है?

कथन:
(I) अबीर, चरित के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है, और ध्रुव, एशिका के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है।
(II) फारिस, एशिका के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है।

Ans A). कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
B). कथन I और II दोनों (और अकेले कथन I या कथन II नहीं) मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
C). कथन I का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II का डेटा पर्याप्त नहीं है।
D). कथन II का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I का डेटा पर्याप्त नहीं है।

Correct Answer: A

Q.46 सात व्यक्ति P, Q, R, S, T, U और V उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। P के बाईं ओर केवल एक व्यक्ति बैठा है। S, P के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। S और Q के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। R, V के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। U और V के ठीक बीच में केवल Q बैठा है। पंक्ति के दाएं छोर पर कौन बैठा है?

Ans A). U B). Q C). R D). V

Correct Answer: A

Q.47 यदि BRINJAL शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार व्यवस्थित कर दिया जाता है, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans A). 2 B). 3 C). 1 D). 4

Correct Answer: C

Q.48 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) X H M F T C A Z F V N J R D T V W I O K U Y H (दाएं)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद में भी एक स्वर है?

Ans A). एक भी नहीं B). तीन C). दो D). एक

Correct Answer: D

Q.49 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

846 D 651 C 297 B 54 A 486=?

Ans A). 228 B). 126 C). 118 D). 162

Correct Answer: A

Q.50 नितिन बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 12 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़कर 15 km ड्राइव करता है, फिर से बाएँ मुड़कर 14 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह बाएँ मुड़कर 19 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएँ मुड़कर 2 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।)

Ans A). 6 km पश्चिम की ओर B). 6 km पूर्व की ओर C). 4 km पश्चिम की ओर D). 4 km पूर्व की ओर

Correct Answer: D

Section : **General Science**

Q.51 एक रसायनज्ञ, बालू और पंकिल जल के मिश्रण को पृथक करना चाहता है। वह इसे पूरा करने के लिए एक निस्यंद पेपर और एक फनल का उपयोग करता है। निलंबन के गुणधर्मों के आधार पर, यह विधि प्रभावी क्यों है, के बारे में कौन-सा कथन सही है?

Ans A). निलंबन में कण इतने बड़े होते हैं कि वे निस्यंद पेपर द्वारा ट्रैप हो जाते हैं।

B). निलंबन को निस्यंदन द्वारा पृथक नहीं किया जा सकता है और इसमें वाष्पन की आवश्यकता होती है। C). निलंबन में कण, जल में संपूर्ण रूप से विलीन हो जाते हैं।

D). सभी मिश्रणों को केवल चुंबक का उपयोग करके पृथक किया जा सकता है।

Correct Answer: A

Q.52 निम्नलिखित में से कौन-सा, विषमांगी मिश्रण का सर्वोत्तम उदाहरण है?

Ans A). वायु B). लवण जल C). सिरका D). रेत और लोहे का चूर्ण

Correct Answer: D

Q.53 कक्षा में किए गए एक प्रयोग में, एक विद्यार्थी स्वरित्र द्विभुज पर आघात करने के बाद उसकी भुजाओं (prongs) को कसकर पकड़ता है और ध्यान से सुनता है। कोई ध्वनि सुनाई नहीं देती है। इस प्रेक्षण के लिए सबसे सटीक स्पष्टीकरण कौन-सा है?

Ans A). आस-पास की वायु, ध्वनि को अवरुद्ध कर देती है B). ध्वनि उत्पन्न करने हेतु इसे बहुत हल्के से आघात किया गया था C). कंपन, हाथ द्वारा अवशोषित हो जाते हैं

D). स्वरित्र द्विभुज, धातु का बना होता है

Correct Answer: C

Q.54 पादप, वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करके कार्बन चक्र का अनुरक्षण करने में किस प्रकार सहायता करते हैं?

Ans A). पादप, कार्बन डाइऑक्साइड को कोशिकाओं में गैस के रूप में संग्रहीत करते हैं। B). पादप, कार्बन को शर्करा अणुओं में परिवर्तित करते हैं।

C). पादप, कार्बन डाइऑक्साइड को यूरिया में परिवर्तित करते हैं। D). पादप, कार्बन डाइऑक्साइड को अपरिवर्तित रूप से निर्मुक्त करते हैं।

Correct Answer: B

Q.55 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुक्रम, वनोन्मूलन (जैवमंडल) के प्रभावों का वर्णन करता है, जिसके परिणामस्वरूप वायुमंडल, जलमंडल और भूमंडल में परिवर्तन होते हैं?

Ans A). वनोन्मूलन मृदा अपरदन का कारण बनता है जो केवल भूमि को प्रभावित करता है तथा जल और वायु को अपरिवर्तित छोड़ देता है।

B). वनोन्मूलन केवल जंतुओं के पर्यावास को कम करता है तथा खाद्य संसाधनों की उपलब्धता को कम करता है।

C). वनोन्मूलन उपजाऊ भूमि को बंजर बनाता है तथा वायुमंडल और जलमंडल को प्रभावित नहीं करता है।

D). वनोन्मूलन कार्बन डाइऑक्साइड में वृद्धि करता है, मृदा अपरदन का कारण बनता है तथा जल प्रवाह के पैटर्न को परिवर्तित करता है।

Correct Answer: D

Q.56 किसी वस्तु पर नियत बल द्वारा किया गया कार्य कब शून्य होता है?

Ans A). जब कोई विस्थापन नहीं होता है B). जब चाल नियत रहती है C). जब द्रव्यमान अपरिवर्तित रहता है D). जब बल, निरंतर अनुप्रयुक्त किया जाता है

Correct Answer: A

Q.57 यदि मैग्नीशियम का एक परमाणु प्रोटॉन का त्याग कर देता है, तो उसके परमाणु क्रमांक और पहचान पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans A). परमाणु क्रमांक एक बढ़ जाता है और वह एक समस्थानिक बन जाता है B). परमाणु क्रमांक एक कम हो जाता है और वह एक नया तत्व बन जाता है

C). परमाणु क्रमांक अपरिवर्तित रहता है लेकिन वह एक आयन बन जाता है D). परमाणु क्रमांक एक बढ़ जाता है लेकिन वह मैग्नीशियम बना रहता है

Correct Answer: B

Q.58 कौन-सा कथन महासागरों और वायुमंडल में मौजूद कार्बन की मात्रा की सटीक तुलना करता है?

Ans A). महासागर वैश्विक कार्बन की कुल मात्रा का केवल एक मामूली प्रतिशत ही संग्रहित करते हैं B). वायुमंडल और महासागर समान मात्रा में कार्बन संग्रहित करते हैं

C). महासागर, वायुमंडल की तुलना में कार्बन के अत्यंत बड़े भंडार के रूप में कार्य करते हैं D). पृथ्वी पर महासागरों की तुलना में वायुमंडल सबसे बड़ा कार्बन भंडार है

Correct Answer: C

Q.59 एक वस्तु को 15 cm फोकस दूरी वाले एक अपसारी लेंस से 10 cm की दूरी पर रखा गया है। निर्मित प्रतिबिंब की स्थिति क्या है?

Ans A). लेंस के दूसरी ओर उससे 8.6 cm की दूरी पर B). लेंस के दूसरी ओर उससे 15 cm की दूरी पर C). लेंस के दूसरी ओर उससे 30 cm की दूरी पर

D). वस्तु की ओर लेंस से 6 cm की दूरी पर

Correct Answer: D

Q.60 सरल रेखा में चलते समय, एक छात्र 50 सेकंड में तय की गई कुल दूरी को 200 मीटर के रूप में, और विस्थापन को 120 मीटर के रूप में दर्ज करता है। कौन-सा कथन, इस स्थिति में औसत चाल और औसत वेग के संबंध को सर्वोत्तम रूप से वर्णित करता है?

Ans A). औसत वेग, औसत चाल से अधिक है क्योंकि विस्थापन, दूरी से कम है B). औसत चाल, औसत वेग के बराबर है क्योंकि दोनों की गणना एकसमान समयावधि में की गई है

C). औसत चाल, औसत वेग से कम है क्योंकि विस्थापन, दूरी से कम है D). औसत चाल, औसत वेग से अधिक है क्योंकि कुल दूरी, विस्थापन से अधिक है

Correct Answer: D

Q.61 उस अभिक्रिया में, जहाँ कॉपर(II) ऑक्साइड हाइड्रोजन गैस के साथ अभिक्रिया करके कॉपर और जल बनाता है, कौन-सा पदार्थ अपचयित होता है?

Ans A). जल | B). कॉपर | C). कॉपर (II) ऑक्साइड | D). हाइड्रोजन

Correct Answer: C

Q.62 परागण के पश्चात पराग नलिका का मुख्य कार्य क्या है?

Ans A). पुष्पों को कीटों से बचाना B). परागकों के लिए मकरंद उत्पादित करना C). नर युग्मकों को बीजांड तक ले जाना D). फल भित्ति में विकसित होना

Correct Answer: C

Q.63 कोई धाविका एक सीधे ट्रैक पर दौड़ती है। पहले 4 सेकंड के लिए, वह 5 m/s के नियत वेग से दौड़ती है। अगले 4 सेकंड के लिए, वह एकसमान रूप से वित्वरित (decelerate) होती है और विरामावस्था में आ जाती है। 8 सेकंड में वह कुल कितनी दूरी तय करती है?

Ans A). 28 मीटर | B). 36 मीटर | C). 32 मीटर | D). 30 मीटर

Correct Answer: D

Q.64 'X' kg द्रव्यमान का पिंड जब 2 m/s के वेग से गतिमान होता है तो इसकी गतिज ऊर्जा 200 J होती है । X का मान क्या होगा?

Ans A). 50 kg | B). 400 kg | C). 100 kg | D). 200 kg

Correct Answer: C

Q.65 कोई छात्र दो अकशेरुकी प्राणियों का अवलोकन करता है—एक में पेशीय पाद है, जबकि दूसरे में काइटिनी बहिःकंकाल है। ये जीव किस संघ (phyla) से संबंधित हैं?

Ans A). एकाइनोडर्मेटा और मोलस्का | B). ऐनेलिडा और आर्थ्रोपोडा | C). ऐनेलिडा तथा एकाइनोडर्मेटा | D). मोलस्का और आर्थ्रोपोडा

Correct Answer: D

Q.66 मनुष्यों में अनचाही सगर्भता को रोकने के लिए निम्नलिखित में से किस विधि का उपयोग किया जाता है?

Ans A). उचित पोषण | B). नियमित व्यायाम | C). टीकाकरण | D). गर्भनिरोधकों का उपयोग

Correct Answer: D

Q.67 निम्नलिखित में से कौन-सी कोशिकाएं, चालनी नलिका कोशिकाओं के कोशिकीय कार्य को नियंत्रित करती है?

Ans A). फ्लोएम तंतु | B). फ्लोएम मृदूतक | C). सह कोशिकाएं | D). जाइलम वाहिकाएं

Correct Answer: C

Q.68 परावर्तन के बाद प्रकाश की एक किरण अवतल दर्पण के वक्रता के केंद्र से होकर गुजरती है। यह किस पथ का अनुसरण करेगी और क्यों?

Ans A). परावर्तन के बाद यह अपसरित हो जाएगी क्योंकि अवतल दर्पण किरणों को पृष्ठ से प्रसारित करती है।

B). यह मुख्य अक्ष के समांतर निकलेगी क्योंकि वक्रता केंद्र से होकर आपतित होने वाली किरणें परावर्तन के बाद समांतर हो जाती हैं।

C). यह अपने पथ पर वापस लौट आएगी क्योंकि क्योंकि यह पृष्ठ के समकोण पर दर्पण से टकराती है।

D). यह मुख्य फोकस पर अभिसरित होगी क्योंकि वक्रता केंद्र से गुजरने वाली किरणें परावर्तन के बाद सदैव फोकस पर मिलती हैं।

Correct Answer: C

Q.69 एकसमान मंदन के साथ गतिमान किसी पिंड का वेग-समय ग्राफ किस प्रकार का होता है?

Ans A). एक वक्र रेखा | B). समय अक्ष के समानांतर एक सरल रेखा | C). नीचे की ओर प्रवणता वाली एक सरल रेखा | D). ऊपर की ओर प्रवणता वाली एक सरल रेखा

Correct Answer: C

Q.70 कौन-सा कथन योगात्मक अभिक्रिया (addition reaction) का सही वर्णन करता है?

Ans A). कोई यौगिक दो उत्पादों में विभाजित हो जाता है | B). दो विलयनों से एक ठोस बनता है | C). दो पदार्थ संयुक्त होकर एक उत्पाद बनाते हैं | D). किसी यौगिक में एक परमाणु दूसरे को प्रतिस्थापित कर देता है

Correct Answer: C

Q.71 किस प्रकार की रक्त वाहिका, मुख्य रूप से रक्त और ऊतकों के बीच पोषक तत्वों और अपशिष्ट के विनिमय के लिए उत्तरदायी होती है?

Ans A). केशिकाएं | B). शिराएं | C). धमनियां | D). लसीका वाहिकाएं

Correct Answer: A

Q.72 अपवर्तन में शामिल स्थितियों का परिशुद्ध वर्णन करने वाले कथनों की पहचान कीजिए।
(i) अपवर्तन के कारण स्विमिंग पूल की आभासी गहराई उसकी वास्तविक गहराई की तुलना में कम होती है।
(ii) अपवर्तन के कारण समतल दर्पण में हम अपना प्रतिबिंब देख पाते हैं।
(iii) अपवर्तन के कारण जल में आंशिक रूप से डूबी हुई एक पेंसिल जल की सतह पर मुड़ी हुई दिखाई देती है।
(iv) अपवर्तन के कारण रात्रि में सफेद दीवार रंगीन दिखाई देती है।

Ans A). (i) और (iv) दोनों | B). (ii) और (iii) दोनों | C). (i) और (iii) दोनों | D). (ii) और (iv) दोनों

Correct Answer: C

Q.73 भिन्न-भिन्न क्वथनांक वाले दो मिश्रणीय द्रवों के मिश्रण को पृथक करने के लिए सामान्यतः किस विधि का उपयोग किया जाता है?

Ans A). आसवन B). निस्यंदन C). वर्णलेखिकी D). अवसादन

Correct Answer: A

Q.74 निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया के परिणामस्वरूप एक यौगिक के अणु का निर्माण होता है?

Ans A). भिन्न-भिन्न परमाणुओं का भौतिक मिश्रण B). समान तत्व के परमाणुओं के बीच रासायनिक आबंधन C). भिन्न-भिन्न तत्वों के परमाणुओं के बीच रासायनिक आबंधन D). अणु से परमाणुओं का पृथक्करण

Correct Answer: B

Q.75 इनमें से कौन-सा कथन, कोशिका सिद्धांत का एक प्रमुख विचार है?

Ans A). कोशिकाएं जैव प्रक्रियाएं नहीं करती हैं। B). कोशिकाओं को केवल सूक्ष्मदर्शी के उपयोग द्वारा देखा जा सकता है। C). कोशिकाएं केवल जंतुओं में पाई जाती हैं। D). सभी सजीव जीव, कोशिकाओं से बने होते हैं।

Correct Answer: D

Q.76 निम्नलिखित में से कौन-सा गुणधर्म सामान्यतः आयनिक यौगिकों से संबंधित होता है?

Ans A). जल में निम्न विलेयता B). गलित अवस्था में अल्प विद्युत चालकता C). उच्च गलनांक और क्वथनांक D). ठोस अवस्था में मृदु और भंगुर

Correct Answer: C

Q.77 60 मिनट की पैदल यात्रा के दौरान, एक यात्री 2 km उत्तर, फिर 2 km पूर्व, और अंत में 2 km दक्षिण की ओर चलता है। संपूर्ण यात्रा के लिए औसत चाल की तुलना में यात्री के औसत वेग का मूल्यांकन करते समय, कौन-सा अवलोकन सबसे सटीक है?

Ans A). औसत वेग, औसत चाल के बराबर है क्योंकि सभी खंड समान लंबाई के हैं। B). औसत वेग, औसत चाल से अधिक है क्योंकि गति सरल रेखीय है। C). औसत वेग शून्य है क्योंकि यात्री का पथ एक त्रिभुज बनाता है। D). विस्थापन और कुल दूरी के बीच के अंतर के कारण औसत वेग, औसत चाल से कम है।

Correct Answer: D

Q.78 निम्नलिखित में से कौन-सा, सोडियम हाइड्रोजनकार्बोनेट की हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ अभिक्रिया का संतुलित रासायनिक समीकरण है?

Ans A). $NaHCO_3 + HCl \rightarrow NaCl + H_2O + CO_2$ B). $NaHCO_3 + HCl \rightarrow NaCl + H_2O + CO$

C). $NaHCO_3 + H_2SO_4 \rightarrow NaSO_4 + H_2O$ D). $NaHCO_3 + HCl \rightarrow NaCl + HCl + CO_2$

Correct Answer: A

Q.79 कौन-सा कथन जल में साबुन द्वारा बनाए गए मिसेल के कार्य का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

Ans A). मिसेल तैलीय गंदगी को अपने अधुवीय केंद्रों के भीतर फंसा लेते हैं और जल में फैला देते हैं B). मिसेल केवल जल की अनुपस्थिति में बनते हैं C). मिसेल निर्मलन के लिए जल अणुओं को आयनों में तोड़ देते हैं D). मिसेल गंदगी को विलीन करने के लिए जल का pH बदल देते हैं

Correct Answer: A

Q.80 हाइड्रोपोनिक सिस्टम में जहाँ प्रकाश एक तरफ से आ रहा हो, बीन्स के पौधों की अधिकतम ऊर्ध्वाधर वृद्धि के लिए कौन सी रणनीति अपनाई जाएगी?

Ans A). समग्र वृद्धि को त्वरित करने के लिए अतिरिक्त पोषक तत्वों को मिलाना B). पौधों को एकल प्रकाश के अधीन स्थायी रखना C). तने को मजबूत करने के लिए केवल कृत्रिम पवन का उपयोग करना D). समान रूप से प्रकाश उद्भासन के लिए पौधों को नियमित रूप से घुमाना

Correct Answer: D

Q.81 थॉमसन के परमाणु मॉडल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

कथन I: परमाणु एक धनावेशित गोले के रूप में होता है जिसके भीतर इलेक्ट्रॉन बिखरे होते हैं।
कथन II: थॉमसन का मॉडल परमाणु में नाभिक की उपस्थिति की व्याख्या कर सकता था।

निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

Ans A). केवल कथन II सत्य है B). कथन I और II दोनों असत्य हैं C). कथन I और II दोनों सत्य हैं D). केवल कथन I सत्य है

Correct Answer: D

Q.82 किस कार्बन यौगिक में योगात्मक अभिक्रिया (addition reaction) होने की संभावना सबसे कम है?

Ans A). पेन्टेन (Pentane) B). पेन्टीन (Pentene) C). पेन्टाडाइईन (Pentadiene) D). पेन्टाइन (Pentyne)

Correct Answer: A

Q.83 एकसमान गति के लिए वेग-समय ग्राफ में, रेखा के अंतर्गत क्षेत्रफल क्या दर्शाता है?

Ans A). पिंड पर लगाया गया बल B). वस्तु का द्रव्यमान C). वस्तु का त्वरण D). वस्तु का विस्थापन

Correct Answer: D

Q.84 ऐलुमिनियम के पृष्ठीय उपचार की प्रक्रिया के दौरान इसके ऐनोडीकरण का मुख्य उद्देश्य क्या है?

Ans A). ऐलुमिनियम की विद्युत चालकता को बढ़ाना। B). ऐलुमिनियम को मिश्र धातु में परिवर्तित करना। C). पृष्ठ से ऑक्साइड परत को पूर्णत: हटा देना। D). संक्षारण से बचने के लिए मोटी ऑक्साइड परत का निर्माण करना।

Correct Answer: D

Q.85 बढ़ते अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए एक शहर एक लैंडफिल बनाने की योजना बना रहा है जो एक नदी और खेत के निकट है। कौन-सी रणनीति, शहरी विकास का समर्थन करते हुए पारिस्थितिकी तंत्र की सर्वोत्तम रूप से रक्षा करती है?

Ans A). सुरक्षात्मक आस्तरों के साथ लैंडफिल बनाना और सामुदायिक पुन:चक्रण कार्यक्रमों को वित्त पोषित करना।
B). अंतिम उपाय के रूप में शहर के कचरे को सीधे नदी और खेतों में फेंकना। C). बिना किसी अतिरिक्त उपाय के लैंडफिल को किसी दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्र में ले जाना।
D). लैंडफिल अपशिष्ट कम करने के लिए नदी के निकट भस्मित्र बनाना।

Correct Answer: A

Q.86 किसी धारावाही चालक को एक चुंबकीय क्षेत्र में रखा गया है जो ऊर्ध्वाधर रूप से अधोगामी है। चालक को पश्चिम से पूर्व की ओर क्षैतिज रूप से अभिविन्यस्त किया गया है। चालक पर लगने वाला बल _____ होगा।

Ans A). पूर्व की ओर B). पश्चिम की ओर C). दक्षिण की ओर D). उत्तर की ओर

Correct Answer: D

Q.87 कोई विद्यार्थी एक अविभेदित काय वाले जलीय पादप का अवलोकन करता है जो प्रत्यक्ष रूप से परिवेश के जल के साथ पदार्थों का आदान-प्रदान करता है। इसकी किस पादप समूह से संबंधित होने की सबसे अधिक संभावना है?

Ans A). थैलोफ़ाइटा B). टेरिडोफाइटा C). ब्रायोफाइटा D). लाइकेन

Correct Answer: A

Q.88 कंपन का आयाम _____ होने पर मधुर ध्वनियां उत्पन्न होती हैं।

Ans A). दीर्घ B). शून्य C). अनंत D). लघु

Correct Answer: D

Q.89 वस्तुओं का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म, अजैवनिम्नीकरणीय पदार्थों को नहीं दर्शाता है?

Ans A). प्लास्टिक का जार और पॉलीथीन B). पॉलीथीन बैग और संश्लेषित उर्वरक रसायन C). रैपर और प्लास्टिक की बोतल D). काष्ठ की बोतल और काष्ठ की प्लेट

Correct Answer: D

Q.90 यदि कोई उपकरण अपरिवर्ती शक्ति पर प्रचालित होता है, तो उपकरण के अधिक समय तक चलने पर किए गए कुल कार्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

Ans A). अपरिवर्ती शक्ति पर, कार्य और समय असंबंधित हैं। B). समय की उपेक्षा करते हुए किया गया कुल कार्य समान रहता है।
C). समय बढ़ने के साथ किया गया कुल कार्य कम हो जाता है। D). समय बढ़ने पर किया गया कुल कार्य बढ़ जाता है।

Correct Answer: D

Section : **General Awareness**

Q.91 मार्च 2026 में, भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) ने निम्नलिखित में से किसके विकास के उद्देश्य से मूनशॉट (Moonshot) परियोजना को लांच किया था?

Ans A). पुन: प्रयोज्य प्रक्षेपण यान (Reusable launch vehicles) B). क्वांटम संचार उपग्रह (Quantum communication satellites)
C). मस्तिष्क सह-प्रोसेसर (Brain co-processors) D). AI-चालित मानवसम रोबोट (AI-powered humanoid robots)

Correct Answer: C

Q.92 भारत के केंद्रीय बजट 2026–27 के अनुसार, अवसंरचना विकास और निर्माण चरण के दौरान निजी डेवलपर्स का विश्वास मजबूत करने के लिए किस नए फंड का प्रस्ताव किया गया है?

Ans A). सार्वजनिक अवसंरचना सहायता फंड B). अवसंरचना विकास वित्त फंड C). राष्ट्रीय अवसंरचना निवेश फंड D). अवसंरचना जोखिम गारंटी फंड

Correct Answer: D

Q.93 जुलाई 2026 में नीति आयोग द्वारा जारी निवेश अनुकूलता सूचकांक (Investment Friendliness Index) में, पर्वतीय और पूर्वोत्तर राज्यों में से कौन-सा राज्य शीर्ष स्थान पर रहा?

Ans A). सिक्किम B). असम C). हिमाचल प्रदेश D). उत्तराखंड

Correct Answer: D

Q.94 पद्म पुरस्कार 2026 के अंतर्गत, शतावधानी आर. गणेश (Shatavadhani R. Ganesh) को कला के क्षेत्र में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। वे किस राज्य से संबंधित हैं?

Ans A). आंध्र प्रदेश B). कर्नाटक C). तमिलनाडु D). केरल

Correct Answer: B

Q.95 जुलाई 2026 में, भारत की प्रथम हाइड्रोजन ईंधन सेल-संचालित ट्रेन का परिचालन किस रेलवे खंड पर शुरू हुआ?

Ans A). जींद–सोनीपत खंड B). रोहतक–हिसार खंड C). दिल्ली–पानीपत खंड D). अंबाला–लुधियाना खंड

Correct Answer: A

Q.96 जुलाई 2026 में किस प्रमुख सरकारी निकाय ने 'स्ट्रेटेजिक रोडमैप फॉर मेकिंग आयुर्वेद ग्लोबल (Strategic Roadmap for Making Ayurveda Global)' रिपोर्ट जारी की?

Ans A). आयुष मंत्रालय B). प्रधानमंत्री कार्यालय C). विदेश मंत्रालय D). नीति आयोग

Correct Answer: D

Q.97 ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2026 के तहत, निम्नलिखित में से किस श्रेणी को हाल ही में शामिल किया गया है?

Ans A). ट्रांस-महिला (Trans-woman) B). नपुंसक (Eunuch) C). ट्रांस-पुरुष (Trans-man) D). जेंडरक्वीर (Genderqueer)

Correct Answer: B

Q.98 **वित्तीय वर्ष (2025-26) के लिए वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के अनंतिम अनुमान (PE) और FY 2025-26 की चौथी तिमाही (Q4, जनवरी-मार्च) के लिए GDP के तिमाही अनुमानों के अनुसार, आधार वर्ष 2022-23 वाली नई GDP श्रृंखला पर आधारित, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भारत की अनुमानित वास्तविक GDP वृद्धि दर कितनी थी?**

Ans A). 5.1% B). 6.5% C). 4.2% D). 7.7%

Correct Answer: D

Q.99 **2025 में किस सरकारी पहल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एक एकीकृत आपातकालीन नंबर (112) शुरू किया, जो भारतीय शहरों में संकटग्रस्त महिलाओं के लिए सुरक्षा बढ़ाने और समय पर प्रतिक्रिया करने के लिए महिला हेल्पलाइन के साथ एकीकृत है?**

Ans A). प्रधानमंत्री आपातकालीन सुरक्षा अभियान B). सुरक्षित शहर एवं आपातकालीन सार्वजनिक परिवहन योजना C). राष्ट्रीय शहरी आपातकालीन परिवहन नीति D). आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली

Correct Answer: D

Q.100 **वर्ष 2026 के 79वें ब्रिटिश अकादमी फिल्म अवार्ड्स (BAFTAs) में किस फिल्म ने बेस्ट चिल्ड्रन्स एंड फैमिली फिल्म (Best Children's and Family Film) का पुरस्कार जीता?**

Ans A). मीरा पटेल की ड्रीमलैंड B). रोहन शर्मा की द एडवेंचर C). लक्ष्मीप्रिया देवी की बूंग D). अनिल कुमार की जर्नी

Correct Answer: C

"